फा .सं.25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन औरउर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग

कमरा सं. 227, ए विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 31.05.2021

विषय :कैबिनेट को भेजे जाने के लिए अप्रैल, 2021 माह के सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथअप्रैल, 2021 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सारके अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

एन.के.संतोषी
31/5/2021

(एन.के. संतोषी)
उप महानिदेशक (एस एंड एम/ईडी)

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव,संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायनएवंपेट्रोरसायनविभागको विभागकीवेबसाइटपरडलवानेकेअनुरोधकेसाथ

फाइल सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

<u>अप्रैल, 2021 माह के लिए मासिक सार</u>

अप्रैल, 2021 माह के लिए महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैं:

2. रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, इस विभाग में और विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त संगठनों में गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार कोविड -19 से संबंधित सभी सावधानियां बरत रहा है।

3. हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) ने अप्रैल, 2021 के दौरान 94.37% क्षमता उपयोग के साथ 822 मीट्रिक टन H_2O_2 का उत्पादन किया है।

4. अप्रैल 2021 माह के दौरान, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत की आज़ादी के संघर्ष के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक राष्ट्रीय संगोष्ठी/वेबीनार, एक नुक्कड़ नाटक और एक कार्यशाला का आयोजन किया है।

5. सिपेट ने शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों के तहत अप्रैल, 2021 के दौरान 14,015 छात्रों को नामांकित/प्रशिक्षित किया (13,494 दीर्घावधि में नामांकित और 521 अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित)।

6. सिपेट ने 30 अप्रैल, 2021 के दौरान प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभार्थ प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलींग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 5,522 प्रौद्योगिकी सहायता सेवाएं की हैं।

7. एचआईएल इंडिया लिमिटेड (एचआईएल) ने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के ऑर्डर और निर्यात आवश्यकताओं के अनुसार 243.40 एमटी डीडीटी टेक और 50% डब्ल्यूडीपी का उत्पादन किया।

8. माह के दौरान राजस्थान कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत आईपीएफटी में 500 नमूनों को संसाधित और विश्लेषण किया गया। इसके अतिरिक्त, "राष्ट्रीय स्तर पर कीटनाशक

अवशेषों की निगरानी" परियोजना के तहत अनाज, सब्जियां, फल, दूध और पानी के 62 नमूनों को संसाधित और विश्लेषण किया गया। उद्योग द्वारा प्रायोजित परियोजना के तहत टमाटर और पत्ता गोभी पर फील्ड परीक्षण पूरे कर लिए गए हैं। इसके अलावा, आईपीएफटी के प्रायोगिक अनुसंधान भूखंडों में इन-हाउस आर एंड डी रूप से विकसित टमाटर और बैंगन पर दो जैव-प्रभावकारिता मूल्यांकन परीक्षण जारी हैं।

9. भोपाल गैस पीड़ितों के लिए कल्याण आयुक्त ने अप्रैल, 2021 तक 5,63,124 अवार्डिड मामलों में प्रो-राटा मुआवजे के रूप में 1517.89 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की है।

10. कल्याण आयुक्त ने 30 अप्रैल, 2021 तक 62,527 अनुग्रह मामलों का फैसला किया, जिनमें से अवार्डिड और अस्वीकृत मामले क्रमशः 51,034 और 11,493 हैं। 51,034 दावेदारों को 853.22 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है। माह के दौरान कोई राशि वितरित नहीं की गई है।

11. रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:

I. प्रमुख रसायन के उत्पादन की मात्रा पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 110.87 लाख टन की तुलना में 2020-21 के दौरान (फरवरी- 2021तक) घट कर 101.10 लाख टन हो गई, इसमें 8.81% की गिरावट दर्ज की गई।

II. प्रमुख रसायनों में, पेस्टिसाइड्स और इन्सेक्टिसाइड्स के उत्पादन में 28.36% की वृद्धि हुई है और एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन और डाई और पिगमेंट के उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कमी आई है।

III. प्रमुख पेट्रोरसायनों के उत्पादन की मात्रा भी पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 398.94 लाख टन की तुलना में 2020-21 के दौरान (फरवरी-2021 तक) घट कर 379.41 लाख टन हो गई और इसमें 4.89% की गिरावट दर्ज की गई।

IV. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट्स और ओलेफिन को छोड़ कर, सभी प्रमुख पेट्रोरसायनों, अर्थात सिंथेटिक फाइबर, फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबड़, परफॉर्मेंस प्लास्टिक्स, एरोमैटिक्स और अन्य पेट्रोरसायनों के उत्पादन में कमी आई।

12. प्रमुख रसायनों और पेट्रो-रसायनों का आयात/निर्यात:

(i) फरवरी, 2021 माह में 5,043 करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख रसायनों और 3,690 करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात किया गया और माह के दौरान क्रमशः 3,466

करोड़ और 8,502 करोड़ रुपये के प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात किया गया।

(ii) पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वर्ष 2020-21 (फरवरी 2021 तक) में प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का मिला-जुला निर्यात 107.04 हजार करोड़ रुपये से घटकर 90.96 हजार करोड रुपए हो गया है और आयात 113.58 हजार करोड़ रुपये से घटकर 92.03 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

(iii) जबकि निर्यात और आयात दोनों पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कम है, आयात में कमी अधिक रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 6.54 हजार करोड़ रुपये के व्यापार घाटे की तुलना में चालू वर्ष में 1.07 हजार करोड़ रूपये का व्यापार घाटा है।

(iv) वर्ष 2020-21 (फरवरी 2021 तक) में प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के निर्यात आंकड़े क्रमशः 51.78 हजार करोड़ रुपये और 39.17 हजार करोड़ रुपये थे। वर्ष 2020-21 (फरवरी 2021 तक) में प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के आयात आंकड़े क्रमशः 30.05 हजार करोड़ रुपये और 61.98 हजार करोड़ रुपये थे।

नीचे दिए गए पाई चार्ट कुल व्यापार में प्रमुख रसायन और पेट्रोरसायन के विभिन्न समूहों के हिस्सों को दर्शाते हैं।

फरवरी, 2021 में प्रमुख रसायनों का निर्यात (2020-21)



फरवरी, 2021 में प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात (2020-21)



फरवरी, 2021 में प्रमुख रसायनों का आयात (2020-21)



फरवरी, 2021 में प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात (2020-21)



निम्नलिखित आरेख 2019-20 (फरवरी-2020 तक) की तुलना में 2020-21 (फरवरी-2021 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के उत्पादन का सार प्रस्तुत करते हैं। (आंकड़े तालिका- I और II पर हैं)


Production of Major Chemicals
10000000
8000000
6000000
4000000
2000000
0
Alkali Chemicals
Inorganic Chemicals
Organic Chemicals
Pesticides & Insecticides
Dyes & Pigments
2019-20 (Up to February, 2020)
2020-21 (Up to February, 2021)


Production of Major Petrochemicals
12000000
10000000
8000000
6000000
4000000
2000000
0
Synthetic Fibre
Fibre Intermediate
Polymers
Synthetic Rubber
Synthetic Detergent Intermediates
Performance Plastics
Olefins
Aromatics
Other Petrochemicals
2019-20 (Up to February, 2020)
2020-21 (Up to February, 2021)

तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन (मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख रसायन समूहों के नाम**	**2019-20 (फरवरी, 2020 तक)**	**2020-21 (फरवरी, 2021 तक)**	**2019-20 के मुकाबले 2020-21 में % वृद्धि**
1	एल्कली रसायन	7855825	7025267	-10.57
2	अकार्बनिक रसायन	990730	866162	-12.57
3	कार्बनिक रसायन	1702934	1700852	-0.12
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	180005	231060	28.36
5	डाई और पिगमेंट	357949	287212	-19.76
	कुल	11087443	10110553	-8.81

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन (मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख पेट्रोरसायन समूहों के नाम**	**2019-20 (फरवरी, 2020 तक)**	**2020-21 (फरवरी, 2021 तक)**	**2019-20 के मुकाबले 2020-21 में % वृद्धि**
1	सिंथेटिक फाइबर	3607800	2660855	-26.25
2	फाइबर इंटरमीडिएट	4911424	4557158	-7.21
3	पॉलिमर	11377613	11010644	-3.23
4	सिंथेटिक रबर	328568	308150	-6.21
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	659044	668323	1.41
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	1551952	1367048	-11.91
7	ओलेफिन्स	10832661	10914546	0.76
8	एरोमेटिक्स	4444205	4325628	-2.67
9	अन्य पेट्रोरसायन	2180800	2129138	-2.37
	कुल	39894067	37941490	-4.89

बड़े और मध्यम पैमाने के उद्योगों से प्राप्त एमपीआर के आधार पर।